तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 19 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी



## खबर संक्षेप

### नहाने के दौरान डेम में डूबने से युवक की मौत

**अंबिकापुर।** जिले के दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पोड़ीखुर्द स्थित डेम में नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से एक युवक की डूबकर मौत हो गई। इस दुरान युवक के साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हुए। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम द्वारा शव को पानी से निकाला गया। पुलिस ने पीएम उपरंत शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि शहर के नमनाकला निवासी 22 वर्षीय हर्ष कश्यप आ. रवि कश्यप अपने दोस्त निरंजन पैकरा व अन्य के साथ 17 अक्टूबर को पोड़ीखुर्द हरिपारा स्थित घुनघुट्टा डेम में नहाने गया था। नहाने के दौरान हर्ष कश्यप गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के लिए उसके तीनों दोस्तों ने काफी प्रयास किया, लेकिन वे उसे बचाने में सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना मिलने पर दरिमा पुलिस मौके पर पहुंची। युवक के गहरे पानी में डूब जाने के कारण उसका शव तत्काल नहीं मिल पाया। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक के शव को पानी से बाहर निकाला। फिलहाल दरिमा पुलिस मामले में आगे की जांच में जुटी हुई है।

### सुवारपारा मोड़ पर बाइक पेड़ से टकराई, सवार युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** सुवारपारा से बटईकेला मार्ग स्थित मोड़ पर तेज रफ्तार बाईक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बतौली अंतर्गत ग्राम बिलासपुर निवासी अजय कुमार चक्रवर्ती आ. प्रदीप कुमार चक्रवती (21 वर्ष) अंबिकापुर में रहकर रेलवे स्टेशन के समीप होटल में मैनेजर के पद पर कार्यरत था। अपने निजी काम से 5 बजे बतौली पहुंचा और अपने भाई से अपना बाइक केटीएम क्रमांक सीजी 15 ई जे 4512 को बिलासपुर से बतौली मंगवाया और कहा कि बाईक अंबिकापुर लेकर जा रहा हूं। दोस्तों से मिलने के बाद रात्रि 8 बजे जूनापारा मंगारी सुवारपारा क्रेशर मार्ग से जाने लगा और जैसे सुवारपारा मोड के समीप पहुंचा तभी सड़क किनारे स्थित बर्केन के पेड़ से अनियंत्रित होकर जा टकराया जिससे युवक के सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। बतौली पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया।

### बेटे ने पिता के सीने पर सब्बल से वार का उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** घरेरू बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच विवाद हो गया।



विवाद इतना बढ़ गया कि पुत्र ने न सिर्फ पिता के साथ मारपीट किया बल्कि सब्बल से सीने में प्राणघात हमला कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने हत्यारे पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत खैराडीह लाइन पारा निवासी भीनु पैकरा (52 वर्ष) बीत रात घर में था तभी पुत्र सत्येंद्र पैकरा (27 वर्ष) के साथ घरेलू बाद को लेकर विवाद हो गया। दोनों के बीच विवाद बढ़ने लगा और मारपीट शुरू हो गई। इसी बीच पुत्र ने घर में रखे सब्बल से पिता के सीने में जानलेवा हमला कर दिया जिससे पिता की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर कर परिजन के सुपुर्द किया है। पुलिस ने आरोपी पुत्र के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### माता के आठवें रूप महागौरी की हुई आराधना, आज होगी संधि पूजा

# महा अष्टमी पर विशेष पूजा अर्चना, उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

शारदीय नवरात्र के महा अष्टमी के मौके पर शक्ति पीठों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। शहर के मां महामाया मंदिर सहित अन्य शक्तिपीठों में विधि विधान से महा अष्टमी की विशेष पूजा की गई। मंदिरों में माता के दर्शन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने मंदिर में कतार में लगकर माता के दर्शन किए और अपने व परिवार के सुख समृद्धि की कामना की।

शारदीय नवरात्र में सरगुजा का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। शहर सहित जिलेभर के शक्तिपीठों में प्रतिदिन भक्तों की भीड़ उमड़ रही है इसके साथ ही दुर्गा पंडालों में भी बड़ी संख्या में लोग माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे है। शारदीय नवरात्र के अवसर पर दुर्गा पंडालों में विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ ही भंडारे का आयोजन किया जा रहा है और दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा की जा रही है। रविवार को महाअष्टमी के मौके पर भी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। शहर के प्रसिद्द मां महामाया मंदिर में सुबह पांच बजे से ही भक्तों की भीड़ पहुचनी शुरू हो गई थी। सुबह पांच से शाम दस बजे तक बड़ी संख्या में भक्तों ने



पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना पर अपने व परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। शहर के दुर्गा मंदिर, गौरी मंदिर, वन देवी मंदिर, काली मंदिर, लखनपुर के प्राचीन भवानी मंदिर, जजगा के रामपुरहिन मंदिर समेत अन्य शक्तिपीठों में विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही शाम के समय बड़ी संख्या में लोग पंडालों में भी माता के दर्शन के लिए पहुंचे थे। मंदिर व दुर्गा पंडालों में देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं घरों में भी लोगों ने नवरात्र का व्रत रखने के साथ ही माता की के आठवें रूप महागौरी की पूजा अर्चना की और विधि विधान से हवन पूजन किया।

### कन्या भोज व भंडारे का आयोजन

महा अष्टमी के मौके पर मंदिरों व घरों में भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना करने के साथ ही हवन यज्ञ किया और कन्या भोज कराए गए। शहर के मां महामाया मंदिर सहित अन्य मंदिरों में कन्या भोज कराए गए। इसके साथ ही भक्तों द्वारा जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया था। इस भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

## महाष्टमी पर पहाड़ी माई और मां महामाया मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी पर नगर के प्रमुख आस्था केंद्र मां महामाया मंदिर और सात पहाड़ियों के बीच स्थित पहाड़ी माई मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही दोनों मंदिरों में माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के साथ झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचे। मंदिरों में जय माता दी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

- 296 सीढ़ियां चढ़कर माता के दरबार में पहुंचे श्रद्धालु, दोनों मंदिरों में विशाल भंडारे का आयोजन

महाष्टमी के पावन अवसर पर माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। मंदिरों के पट खुलते ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो दिनभर जारी रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की। भीड़ को देखते हुए दोनों मंदिरों में व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। नगर के वार्ड क्रमांक 14 में सात पहाड़ियों के बीच स्थित पहाड़ी माई मंदिर श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। लगभग 900 फीट की ऊंचाई पर स्थित माता के दरबार तक पहुंचने के लिए भक्तों को 296 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। वही भक्त सीसी रोड से दो चक्का एवं चार चक्का वाहन से पहाड़ी मंदिर तक सीधे पहुंच सकते हैं यहां से कनहर नदी और झारखंड के गोदरमाना क्षेत्र का मनोरम दृश्य दिखाई देता है।



प्राकृतिक सुंदरता के बीच स्थित इस मंदिर में नवरात्र के दौरान दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंच कर माता का आशीर्वाद ले रहे हैं। पहाड़ी माई मंदिर में नगर पालिका अध्यक्ष एवं मंदिर समिति के रमन अग्रवाल द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दोनों मंदिरों में धार्मिक आस्था के साथ सेवा और समर्पण का वातावरण देखने को मिला।

## कोयलांचल में महाअष्टमी पर उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ विश्रामपुर

शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी पर पूरा कोयलांचल देवी भक्ति में सराबोर रहा। सुबह से ही प्रमुख देवी मंदिरों और दुर्गा पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी,मां के दर्शन, पूजा-अर्चना और जयकारों के बीच भक्तिमय माहौल बना रहा,कहीं महाभंडारे में

- भंडारा-कन्या भोज के साथ देवी जागरण व गरबा-डांडिया की धूम

श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया, तो कहीं कन्या भोज कराकर मां दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की। क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्र आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर और स्वयंभू मां कालरात्रि मंदिर केनापारा में दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा,बिश्रामपुर के गौरीशंकर मंदिर प्रांगण, बंगाली क्लब कल्चरल एसोसिएशन, दक्षिणमुखी संकटमोचन हनुमान मंदिर बस स्टैंड और अंबेडकर चौक स्थित जय भवानी दुर्गा पूजा पंडाल सहित कुमदा कॉलोनी, रामनगर, सिलफिली, लटोरी, महावीरपुर, अजबनगर, कंदरई, राजापुर, डेडरी, करवां के पूजा पंडालों में भी शारदीय नवरात्र का उल्लास रहा। महाअष्टमी पर विभिन्न स्थानों पर महाभंडारे आयोजित किए गए। वहीं उपासकों ने कन्या भोज कराकर कन्याओं का पूजन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर परिसर में शनिवार देर रात तक देवी जागरण और गरबा-डांडिया महोत्सव की धूम रही। भक्ति गीतों की गूंज के बीच श्रद्धालु देर रात तक उत्साह से झूमते रहे। वहीं दक्षिणमुखी संकटमोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में महानवमी तिथि सोमवार की रात गरबा डांडिया महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महाअष्टमी के आयोजनों ने कोयलांचल में शारदीय नवरात्र उत्सव की रौनक बढ़ा दी है।



## चरित्र शंका पर युवक ने पत्नी को डंडे से पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के राजपुर क्षेत्र में युवक ने चरित्र शंका पर पत्नी की डंडे से पिटाई कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही जेल भेज दिया है और मामले की विवेचना चल रही है। बताया जा रहा है कि राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोटागहना उप सरपंच अनिल तिवारी ने16 अक्टूबर को पुलिस को शिकायत दी थी कि गांव के राम वृक्ष कोरवा ने पत्नी चिंतामणि कोरवा की हत्या कर दी है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पंचनामा व पीएम के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया था। इसके साथ ही पुलिस ने मृतिका के पति रामवृक्ष कोरवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका करता था। घटना दिवस को भी मृतिका मोबाइल फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति से बात कर रही थी और अपने वर्षीय पुत्र को अपने साथ लेकर जाने की जिद कर रही थी। ऐसे में आक्रोशित होकर आरोपी ने घर में रखे लकड़ी के डंडे से पत्नी की बेदम पिटाई कर दी। इस घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने कोटागहना निवासी 35 वर्षीय रामवृक्ष कोरवा उर्फ पिंटू आ. जागर कोरवा को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत 17 अक्टूबर को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा, घटना के समय पहने गए कपड़े को जब्त करने के साथ ही आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।



## आगजनी, मारपीट के बाद अब एक्शन मोड में पुलिस, एक दर्जन से अधिक हिरासत में

**सूरजपुर/बिहारपुर।** सड़क दुर्घटना के बाद चक्का जाम और विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों द्वारा की गई आगजनी, अधिकारियों से मारपीट, तोड़फोड़ के मामले में अब पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज करने के साथ ही लगभग दर्जनभर लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं घटना के बाद से बड़ी संख्या में ग्रामीण गांव से फरार हो गए है। वहीँ महिला की मौत के मामले में भी पुलिस ने अपराध दर्ज करने के साथ ही लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और अपराध दर्ज कर घटना की जांच चल रही है। एसपी खुद बिहारपुर में बैठकर कार्रवाई की निगरानी कर रहे है।

सड़क दुर्घटना के बाद प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों के उग्र होने और तहसीलदार, एसडीओपी और टीआई के साथ मारपीट करने, आगजनी करने के साथ ही तोड़फोड़ जैसी घटनाओं को लेकर पुलिस एक्शन मोड़ में आ गई है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी के निर्देश पर चांदनी थाना की पुलिस द्वारा मामले में आगजनी, मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा, हत्या के प्रयास, तोड़फोड़, निजी सम्पति को नुकसान पहुंचाने सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। हालांकि पुलिस के अधिकारी कुछ भी कहने को तैयार



नहीं है लेकिन एसपी योगेश पटेल खुद क्षेत्र में मौजूद है और कार्रवाई की निगरानी कर रहे है। गांव में तोड़फोड़, अधिकारियों से मारपीट और आगजनी जैसी घटनाओं में शामिल लोगों की पहचान करने के साथ ही उन्हें हिरासत में लेने का कार्य चल रहा है। अब तक एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है जबकि बड़ी संख्या में ग्रामीण गांव से फरार हो गए है। पुलिस पहले से चिन्हांकित किए गए लोगों को पकड़कर उनपर कार्रवाई कर रही है।

## बिना अनुमति ढहा दिया गया सात दशक पुराना खादी भंडार



**सीतापुर।** नेशनल हाईवे क्रमांक 43 से सटे 70 साल पुराने खादी भंडार को जेसीबी मशीन से ढहा दिया गया। बिना प्रशासनिक अनुमति के सात दशक पुराने भवन को तोड़े जाने का कांग्रेस ने विरोध दर्ज कराया है। कांग्रेस ने शासन की बेशकीमती जमीन पर कब्जे की नीयत से ढहाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की है। विदित हो कि नगर के मध्य नेशनल हाईवे क्रमांक 43 से सटे 70 साल पुराने खादी भंडार के भवन को रविवार के दिन जेसीबी मशीन से ढहा दिया गया। शासकीय भूमि पर निर्मित इस भवन को ढहाने के लिए कोई प्रशासनिक अनुमति नहीं ली गई थी। बिना अनुमति के ही जेसीबी मशीन लगाकर उसे धराशायी कर दिया गया। रविवार छुट्टी के दिन ढहाए गये इस शासकीय भवन को लेकर नगर में तरह तरह की चर्चायें व्याप्त है। लोगों का कहना है कि बिना प्रशासनिक अनुमति के इसे ढहा देना न्यायसंगत नही है। वहीं कांग्रेस ने खादी भंडार का दशकों पुराना भवन तोड़े जाने पर आपत्ति दर्ज कराई है।

## एड्स नियंत्रण में सरगुजा को सुरक्षित श्रेणी में प्रदेश में प्रथम स्थान

**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) द्वारा संचालित राष्ट्रीय एड्स एवं यौन संचारित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सरगुजा जिले ने एचआईवी/एड्स की रोकथाम, संक्रमित व्यक्तियों की शीघ्र पहचान, नियमित उपचार एवं संक्रमण नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

मिशन एड्स सुरक्षा के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए सरगुजा जिले ने सुरक्षित श्रेणी में स्थान प्राप्त किया है। एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) के वर्गीकरण के अनुसार सरगुजा जिला एचआईवी संक्रमण के मध्यम प्रसार वाले जिलों की श्रेणी में बिलासपुर के साथ शामिल है। सरगुजा जिले ने कलेक्टर अजीत बसंत के मार्गदर्शन में यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम



जिला बनने का गौरव प्राप्त किया है।

जिला एड्स कन्ट्रोल सोसायटी के प्रभारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार ने एचआईवी संक्रमण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से 1 दिसंबर 2027 तक देश में एचआईवी महामारी पर प्रभावी नियंत्रण तथा वर्ष 2030 तक एड्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य के खतरे के रूप में समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस अभियान के अंतर्गत देश के 18 राज्यों के 219 उच्च प्राथमिकता वाले जिलों में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जिला स्तर पर योजनाबद्ध जांच, उपचार, जनजागरूकता एवं विभिन्न विभागों के समन्वय को इस अभियान की सफलता का प्रमुख आधार बनाया गया है। मिशन एड्स सुरक्षा के तहत जिलों की उपलब्धियों का मूल्यांकन संघर्षशील, सक्षम, सुरक्षित एवं सुरक्षित प्लस जैसी श्रेणियों में किया जाता है। तीन प्रमुख लक्ष्यों के अंतर्गत अधिकाधिक एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की पहचान, संक्रमित व्यक्तियों को नियमित एंटीरेट्रोवायरल उपचार उपलब्ध कराना तथा उपचाररत मरीजों में वायरल लोड को नियंत्रित करना शामिल है। सुरक्षित प्लस श्रेणी के लिए इन उपलब्धियों को और मजबूत करते हुए माता से शिशु में संक्रमण की रोकथाम एवं अन्य निर्धारित मानकों को प्राप्त करने पर विशेष बल दिया जाता है। सरगुजा जिले में अब तक 824 एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की पहचान की गई है, जिनमें 801 मरीजों का एंटीरेट्रोवायरल उपचार प्रारंभ किया गया है तथा 99 प्रतिशत से ज्यादा वायरल लोड सप्रेशन दर्ज किया गया है।

## पेट्रोल लोड टैंकर घुसा होटल में,बाल बाल बचे लोग, बुलेट सहित होटल छतिग्रस्त

**डांड़गांव।** एनएच 130 डांड़गांव में उस समय अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब होटल के समीप खड़ा पेट्रोल लोड टैंकर अचानक पीछे आने लगा और सड़क किनारे स्थित होटल में जा घुसा। गनीमत था की टेंकर को आते देख आसपास मौजूद लोगों ने समय रहते घटना स्थल से हट गए नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। दुर्घटना में होटल के अलावा एक बुलेट क्षतिग्रस्त हो गया।

अम्बिकापुर-बिलासपुर मार्ग नेशनल हाईवे 130 डांड़गांव में एक बड़ा हादसा टल गया। हाइवे के किनारे स्थित चाय नास्ता रामदेव होटल में 12 बजे दिन में कोरबा से इंडियन ऑयल कम्पनी का पेट्रोल लोड टैंकर अम्बिकापुर जा रहा था तभी चालक होटल का पास वाहन को रोक कर चाय नास्ता कर रहा था। अचानक टैंकर पीछे की ओर आने लगा और



देखे ही देखते अफरातफरी मच गया होटल एवं होटल का बाहर खड़े लोग बड़ा मुश्किल से भाग कर जान बचाई। टेंकर से पीछे आने के बाद टैंकर हाईवे के नाली के ऊपर चढ़ते हुए होटल में घुस गया जिसे होटल का भट्ठा शेड छतिग्रस्त हुआ।वही नाश्ता कर रहे एक व्यक्ति का बुलेट टैंकर के नीचे दब कर बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया। इस घटना से कई लोग वाहन की चपेट में आने से बाल बाल बच गए।

## खबर संक्षेप

### नहरपाली में शिक्षक की स्कूटी चोरी, अपराध दर्ज

**रायगढ़।** भूपदेवपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नहरपाली में किराए के मकान के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी होने के मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी है। शिक्षक जनेश्वर खरे ग्राम कोडतराई स्थित शासकीय स्कूल में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं और वर्तमान में नहरपाली की चुड़ामणि पटेल कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं। इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए शिक्षक जनेश्वर खरे ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीते 16 अक्टूबर की रात खाना खाने के बाद अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 12 बीबी 3416 को मकान के गेट के बाहर खड़ा किया था। उन्होंने स्कूटी का हैंडल लॉक कर दिया और इसके बाद सोने चले गए। 17 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे जब वह उठे, तो गेट के बाहर खड़ी स्कूटी गायब थी। इसके बाद उन्होंने आसपास तलाश की और लोगों से पूछताछ की, लेकिन वाहन का कोई सुराग नहीं मिला। शिक्षक के मुताबिक स्कूटी की डिक्की में वाहन के सभी दस्तावेज भी रखे हुए थे। स्कूटी चोरी होने के बाद जनेश्वर खरे ने भूपदेवपुर थाने पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई और कार्रवाई की मांग की। इस मामले में पुलिस ने धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### कुकरीचोली में अवैध लकड़ी परिवहन, कार्रवाई

**रायगढ़।** खरसिया वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुकरीचोली में आम प्रजाति की लकड़ी के अवैध परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर उड़नदस्ता दल रायगढ़ एवं वन परिक्षेत्र खरसिया के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। इस दौरान ट्रक व लकड़ी को जब्त कर लिया गया है। मौके पर निरीक्षण के दौरान एक ट्रक में आम प्रजाति की लकड़ी लोड की जा रही थी। ट्रक में लगभग दो चट्टा आम की लकड़ी लोड पाई गई। वन अमले द्वारा मौके पर उपस्थित व्यक्तियों से लकड़ी की कटाई, संग्रहण एवं परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, किंतु उनके द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। वैध दस्तावेजों के अभाव में उड़नदस्ता दल रायगढ़ एवं वन परिक्षेत्र खरसिया की संयुक्त टीम द्वारा ट्रक सहित आम प्रजाति की लकड़ी जब्त कर मदनपुर डिपो परिसर में लाया गया। प्रकरण में लकड़ी के स्रोत, कटाई एवं परिवहन की वैधता के संबंध में जांच की जा रही है तथा नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### दो बाइक में भिड़ंत मजदूर समेत दो घायल

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के जामगा पुल मेन रोड पर दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों में एक को गंभीर चोटें आने के बाद अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया जा रहा है। मामले में चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोयलंगा निवासी बनमाली यादव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा बीते 12 अक्टूबर 2026 की शाम करीब 6:30 बजे घटित हुआ। रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बनमाली यादव ने बताया कि वह रोजी-मजदूरी करता हैं। वह अपने परिचित सुशील गुप्ता की मोटरसाइकिल पर पीछे बैठकर कोयलंगा से जामगा की ओर जा रहा था। मोटरसाइकिल सुशील गुप्ता चला रहा था। इसी दौरान जामगा पुल के पास सामने से आ रहे बाइक चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। बनमाली यादव के बाएं पैर के घुटने और बाएं गाल पर चोट आई, जबकि सुशील गुप्ता के बाएं घुटने और कंधे में चोट लगी।

### पूजा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भजन-कीर्तन, जसगीत के साथ भोग भण्डारे का आयोजन

# दुर्गाष्टमी पर माता को लगा 56 भोग, आज नवमीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

रविवार को पूजा पंडालों में माता के महागौरी रूप की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर माता को 56 भोग चढ़ाए गए।

शहर में लगभग एक दर्जन से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा आकर्षक पूजा पंडालों में स्थापना की गई है, सभी जगहों पर महाष्टमी के अवसर पर 108 दीपकों के साथ महाआरती की गई और 56 भोग प्रसाद का वितरण किया गया। शहर के कचहरीपारा स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में पूजा-अर्चना एवं महाआरती में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। उल्लेखनीय है कि शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर शहर से लेकर गांव-गांव तक श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है।

इस दौरान प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना के लिए जुट रही है इसके अलावा विभिन्न जगहो के पूजा पण्डालों में विराजी मां दुर्गा माता के दर्शन एवं पूजा आरती कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की जमकर भीड़ उमड़ रही है। शनिवार को सप्तमी तिथि को शहर के सभी दुर्गा पूजा पण्डालों में श्रद्धालुओं की जमकर भीड़ रही। माता के दर्शन के लिए शहर सहित आस पास के लोग परिवार सहित



पूजा पण्डालों में पहुंच रहे है। नवरात्र के दौरान माता के विभिन्न रूपों का प्रतिदिन श्रृगार कर पूजा अर्चना, आरती कार्यक्रम किए जा रहे है। इसके अलावा पूजा पण्डालों में भोग भण्डारा का कार्यक्रम भी चल रहे है। प्रतिदिन विभिन्न पूजा पण्डालों में भजन कीर्तन और जसगीत का आयोजन हो रहा है। शारदीय नवरात्र के अंतिम दिनों में माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब शाम



ढलने के साथ ही उमड़ने लगा है। रात्रि पूजा एवं महाआरती में काफी संख्या में भक्तजन जुट रहे है और माता के जयकारे से पूरा पण्डाल गुंजने लगा है। सप्तमी तिथि को शहर के सभी पूजा पण्डालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

परिवार सहित भक्तजन माता के दर्शन कर रहे है। रात्रि के समय माता का दरबार विद्युत रौशनी की सजावट से दमक रहा है, वही प्रतिदिन कई तरह के धार्मिक आयोजन के कारण सभी ओर भक्ति की बयार बहने लगी है।

### रामानुज मिनी स्टेडियम में होगा रावण दहन

विजयादशमी के दिन 20 अक्टूबर को सभी देवी मूर्तियों के विसर्जन पश्चात रात्रि में विशाल रावण, कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतले का दहन रामानुज मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। इसके पूर्व स्टेडियम में भव्य आतिशबाजी का नजारा भी लोगों को देखने को मिलेगा। रावण सहित उनके भाईयों के पुतला का निर्माण जयनगर विश्रामपुर से आए कलाकारों के द्वारा पखवाडे भर पहले से निर्माण कार्य में जुटे है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष रावण का पुतला करीब 55 फीट ऊँचा बनाया गया है। रावण दहन कार्यक्रम को देखने के लिए रामानुज मिनी स्टेडियम में भारी भीड़ उमड़मती है।

### आज होगा महानवमी का हवन पूजन

शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन आज नवमीं तिथि को माता के सिद्धीदात्री रूप की विशेष रूप से श्रृंगार का विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाएगी। इस दौरान विभिन्न पूजा पण्डालों में हवन पूजन से पूरा वातावरण सुवासित होगा। इसके साथ ही पूजा पण्डालों के अलावा श्रद्धालुओं के द्वारा अपने घरों में विशेष रूप से कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जहां कन्याओं को देवी स्वरूप विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाएगी और उन्हें भोग प्रदान कर आशीर्वाद लिया जाएगा। इसके एक दिन पूर्व रविवार को महाष्टमी को विभिन्न पूजा पण्डालों में हवन पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए और जगह-जगह कन्या पूजन का आयोजन किया गया।

### आकर्षक झांकी में निकलेगी विसर्जन की झांकी

इस वर्ष पूरे नौ दिनों तक शक्ति के देवी की आराधना भक्तिभाव के साथ करने के बाद 20 अक्टूबर को माता को विदाई दी जाएगी। इसके लिए दोपहर बाद से सभी पूजा पण्डालों में विराजी गई माता एवं अन्य देवी देवताओं की मूर्तियों को विसर्जन किया जाएगा। इसके पूर्व देवी मूर्तियों को वाहनों में झांकी स्वरूप सजाकर शहर में झांकी निकाली जाएगी और एक-एक कर सभी वाहनों में रखी मूर्तियों को विसर्जन स्थल के लिए ले जाया जाएगा। इस अवसर पर माता के अंतिम दर्शन के लिए शहर सहित के आस पास के ग्रामीण माता को अंतिम विदाई देने के लिए उमड़ पड़ते है। गाजे बाजे के साथ विसर्जन की झांकी निकाली जाएगी।

### पूजा पंडालों में पहुंचे पूर्व नपाध्यक्ष अशोक

शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने कोरिया जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित दुर्गा पूजा समारोहों में पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने दुर्गा पूजा समिति अमहर, सिंदिया, करजी, गिरजापुर, कटकोना, पुटा और अंगा सहित विभिन्न पूजा पंडालों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने ग्रामवासियों से मुलाकात कर उन्हें शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं दीं। विभिन्न पूजा पंडालों में देवी कथा का आयोजन भी किया जा रहा था, जिसमें शामिल होकर उन्होंने धार्मिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। पूजा समितियों द्वारा आयोजन की सुंदर व्यवस्था की गई थी। पंडालों में श्रद्धालुओं की उपस्थिति और भक्तिमय माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष विजय सिंह, भाड़ी मंडल अध्यक्ष राजू भगत, लाल दास महंत उर्फ कल्ला सहित विभिन्न ग्रामों के श्रद्धालु एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चरचा में 16 अक्टूबर को पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कक्षा पहली से बारहवीं तक हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने सहभागिता की।

- सेजेस चरचा में पालक-शिक्षक बैठक

इस दौरान विद्यार्थियों के एफए-1 एवं एफए-2 परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए उनके शैक्षणिक प्रदर्शन, विषयवार उपलब्धियों और पढ़ाई में सुधार की संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक स्थिति से अवगत कराना तथा उनकी शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए विद्यालय और परिवार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। बैठक के दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों को उनके बच्चों के परीक्षा परिणामों की जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों की विषयवार प्रगति, अध्ययन के स्तर और शैक्षणिक गतिविधियों में उनकी सहभागिता पर भी चर्चा की गई। शिक्षकों ने बताया कि परीक्षा परिणाम केवल अंकों का आकलन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति को समझने और उनकी कमजोरियों को दूर करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। समय रहते कमियों की पहचान कर उचित मार्गदर्शन दिया जाए, तो विद्यार्थियों के प्रदर्शन में सकारात्मक सुधार लाया जा सकता है। पालक-शिक्षक बैठक में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, अनुशासन, अध्ययन के प्रति रुचि और आगामी परीक्षाओं की तैयारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। शिक्षकों ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की पढ़ाई के प्रति नियमित रूप से रुचि लें तथा घर पर उनके अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करें।

बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान देने, नियमित रूप से होमवर्क पूरा कराने और पढ़ाई में आने वाली समस्याओं को समझने से उनकी शैक्षणिक प्रगति को बेहतर बनाया जा सकता है। अभिभावकों को यह भी समझाया गया कि बच्चों की शिक्षा केवल विद्यालय तक सीमित नहीं है, बल्कि घर पर मिलने वाला मार्गदर्शन और प्रोत्साहन भी उनके भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालय में शिक्षकों द्वारा दिए जाने वाले शिक्षण और घर पर अभिभावकों के सहयोग के बीच बेहतर तालमेल होने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे पढ़ाई के प्रति अधिक गंभीर होते हैं।



### विद्यालय और परिवार दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण

विद्यालय के प्राचार्य श्री बिजेंद्र मानिकपुरी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में विद्यालय और परिवार दोनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए शिक्षकों और अभिभावकों के बीच निरंतर संवाद तथा बेहतर समन्वय आवश्यक है। जब विद्यालय और परिवार मिलकर विद्यार्थियों की प्रगति के लिए प्रयास करते हैं, तब उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति का आकलन करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों के परीक्षा परिणामों को गंभीरता से लें, उनकी कठिनाइयों को समझें और उन्हें नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित करें। बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालने के बजाय उन्हें सकारात्मक वातावरण, प्रोत्साहन और उचित मार्गदर्शन प्रदान करना चाहिए, ताकि वे अपनी क्षमताओं को पहचानकर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

# 20 लाख ऋण से चेकर टाइल्स एवं पेवर ब्लॉक निर्माण इकाई

**बैकुंठपुर।** अपना उद्यम स्थापित करने का सपना, काम करने का जज्बा और आगे बढ़ने का जुनून था, लेकिन आर्थिक कठिनाइयां राह रोक रही थीं। इन परिस्थितियों में भी बैकुण्ठपुर के तलवापारा निवासी श्रीमती सुषमा साहू ने हौसला बनाए रखा। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) का सहयोग मिला तो उन्होंने अपने सपने को साकार किया।



आज वे चेकर टाइल्स एवं पेवर ब्लॉक निर्माण इकाई का संचालन कर आत्मनिर्भर बनने के साथ करीब 10-12 महिलाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा रही हैं। रमेश चन्द्र साहू की पत्नी श्रीमती सुषमा साहू पढ़ाई और विवाह के बाद अपना काम शुरू करने के लिए प्रयासरत थीं। उद्यम स्थापित करने के लिए आवश्यक पूंजी जुटाना उनके सामने बड़ी चुनौती थी। इसी दौरान उन्हें उद्योग विभाग से पीएमईजीपी की जानकारी मिली। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरिया के सहयोग से उन्होंने ऑनलाइन आवेदन किया। योजना के माध्यम से वर्ष 2023-24 में उन्हें चेकर टाइल्स एवं पेवर ब्लॉक निर्माण के लिए 20 लाख रुपए का ऋण प्राप्त हुआ। इस राशि से उन्होंने मशीनरी और कच्चे माल की व्यवस्था कर अपनी निर्माण इकाई की शुरूआत की। इसके बाद मेहनत और लगन से उद्यम को आगे बढ़ाया।

### स्वर्ण जयंती पर सजेगी संगीत की महफिल

**मनेन्द्रगढ़।** संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान, मनेन्द्रगढ़ द्वारा अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती कार्यक्रम श्रृंखला के तहत विशेष संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 20 अक्टूबर 2026 को शाम 7 बजे से नदी पार स्थित नगर पालिका पार्क के दुर्गा पंडाल मंच पर गीत, गजल एवं देवी भजनों से सजी सांस्कृतिक संध्या आयोजित होगी। संस्था द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार स्वर्ण जयंती वर्ष को यादगार बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में संगीत सितारों की शानदार प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। गीत, गजल और देवी भजनों की प्रस्तुतियों के माध्यम से कलाकार श्रोताओं को संगीत की विविध विधाओं से रूबरू कराएंगे। संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान, जिसे पूर्व में संबोधन साहित्य एवं कला परिषद के नाम से जाना जाता था, मनेन्द्रगढ़ में साहित्य एवं कला के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय संस्था के रूप में कार्य कर रही है। संस्था की 50 वर्षों की यात्रा क्षेत्र में साहित्य, कला और सांस्कृतिक गतिविधियों के विकास से जुड़ी रही है। संस्था की ओर से बताया गया कि स्वर्ण जयंती कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित यह संगीत संध्या साहित्य और कला प्रेमियों के साथ-साथ नगरवासियों के लिए भी विशेष अवसर होगी। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, कला-साहित्य प्रेमियों एवं संगीत अनुरागियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं सुरेन्द्र नगेसिया पिता सालपन नगेसिया जाति नगेसिया उम्र 18 वर्ष ग्राम बांसडीह ग्राम पंचायत महुआडीह पो.घुघरीखुर्द पिन कोड 497118 थाना शंकरगढ़ तहसील शंकरगढ़ जिला बलरामपुर रा.गंज छ.ग. का निवासी हूं जो निम्न शपथ पूर्वक कथन करता हूं:-

1. मैं स्थान- मकान नंबर 13/2, वार्ड नंबर 14 ग्राम बांसडीह पोस्ट घुघरीखुर्द थाना शंकरगढ़ तहसील शंकरगढ़ जिला बलरामपुर रा.गंज छ.ग. 497118 का स्थायी निवासी हूं। 2. मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में मेरा नाम- जगेश नगेसिया (JAGESH NAGESHIYA) दर्ज है। मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र (कक्षा 8वीं की अंकसूची) में मेरा नाम सुरेन्द्र नगेसिया (SURENDRA NAGESIYA) दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है अपने नाम को एकरूपता लाने हेतु मैं चाहता हूं कि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा यही नाम सुरेन्द्र नगेसिया (SURENDRA NAGESIYA) दर्ज करते हुए मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे। 3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है। 4. मैं नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूँ तो उसके लिये मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूँगा। 5. मैं शपथ पत्र पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँजिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
सुरेन्द्र नगेसिया
आ. सालपन नगेसिया
निवासी-ग्राम बांसडीह ग्राम पंचायत महुआडीह, तहसील शंकरगढ़, जिला बलरामपुर रा.गैंज छ.ग.













## खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

# क्रिकेट और फुटबॉल में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

तीन दिवसीय अंतर-चर्च स्पोर्ट्स एक्टिविटीज स्पर्धा का 17 अक्टूबर को उत्साहपूर्ण माहौल में शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन क्रिकेट और फुटबॉल के मुकाबले खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। रोमांचक क्रिकेट मुकाबलों में अंतिम ओवरों तक प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, वहीं फुटबॉल में भी टीमों ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में आरसी चर्च रामपुर और आईपीसी सुरमी के बीच भिड़ंत हुई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आईपीसी सुरमी ने 78 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसी चर्च रामपुर की टीम 76 रन ही बना सकी। इस तरह आईपीसी सुरमी ने दो रन से जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में आईपीसी बरतारिहापारा ने निर्धारित आठ ओवर में 92 रन बनाए। जवाब में



ग्रेस फेलोशिप पटना की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए छह ओवर में 95 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। पटना के निशुल मिंज ने महज 11 गेंदों में 53 रन की विस्फोटक पारी खेलकर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। तीसरे मैच में ईएलसी आनी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 102 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्रेस क्रिकेट पंडोपारा की टीम 81 रन ही बना सकी। ईएलसी आनी के हर्षित लकड़ा ने मात्र 17 गेंदों में 62 रन बनाए। इस जीत के साथ ईएलसी आनी ने 21 रन से मुकाबला अपने नाम किया। दिन के चौथे मुकाबले में द टुथ ट्राइब सूरजपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 83 रन बनाए। जवाब में कालीपुर 11 की टीम ने 89 रन बनाकर जीत हासिल की। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के आगामी दिनों में भी क्रिकेट और फुटबॉल के कई मुकाबले खेले जाएंगे। आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने खेलप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

### सलबा ने 5-0 से दर्ज की जीत

फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में आरसी चर्च मनेंद्रगढ़ ने एलिम प्रेयर सेंटर विश्रामपुर को 2-0 से हराया। दूसरे मुकाबले में ईएल चर्च सलबा ने ईएल चर्च कुशमाहा के खिलाफ एकतरफा खेल दिखाते हुए 5-0 से जीत दर्ज की। सलबा की ओर से आदित्य ने तीन गोल कर हैट्रिक लगाई, जबकि अमन एक्का ने दो गोल किए।









# श्याम ट्रेडर्स

पता- ब्रम्हरोड, संगम चौक, अम्बिकापुर (छ.ग.)

हर्ष गुप्ता
7000976755

श्याम किशोर गुप्ता
8319987586 9826421248

## हार्डवेयर एण्ड डोर फिटिंग्स



श्याम किशोर गुप्ता













- कम्पलीट इंटिरियर मटेरियल का विशाल संग्रह
- फैन्सी हार्डवेयर फिटिंग
- माड्यूलर किचन एवं वाड्रो फिटिंग




नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं...

# श्री महावीर हॉस्पिटल

Shri Mahavir Hospital
Care that heals

(70 BEDEB) MULTISPECIALITY HOSPITAL

- 10 बिस्तरीय (ICU) की सुविधा
- 07 बिस्तरीय (NICU) की सुविधा
- सिटी स्कैन, सोनोग्राफी, पैथोलॉजी, एक्स-रे
- दूरबीन विधि द्वारा सभी ऑपरेशन
- हड्डी के सारे सामान्य एवं जटील ऑपरेशन
- हृदय, किडनी, लीवर, सम्बंधित रोग
- बी.पी. शुगर, थॉयराइड का ईलाज
- डेंगू, मलेरिया, टायफाईड
- सिरदर्द, माईग्रेन एवं नस सम्बंधित रोग
- एक्सीडेंट एवं बर्न उपचार
- गर्भावस्था की सम्पूर्ण जांच
- प्रसूति नॉर्मल एवं सिजेरियन
- बांझपन की जांच एवं ऑपरेशन
- बच्चेदानी के कैंसर की जांच




- चेन्नई के (ICU) डॉक्टरों एवं नर्सों की 24X7 उपलब्धता
- हार्निया, हाइड्रोसील, पथरी, पाइल्स एवं अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- स्तन कैंसर/ स्तन की गांठ की जांच एवं ऑपरेशन
- बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन विधि द्वारा)
- चेन्नई के मापदण्डों के अनुसार मरीजों का ईलाज

24/7 Emergency Services

AMBULANCE

लगातार आपके सेवा में



**डॉ.सुधांशु किरण**
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
MBBS (Pt.JNMMC, Raipur),
M.S.General Surgery (Haldwani)
FMAS (Delhi), DMAS (Kiels Germany)
FAIS, FIAGES, FISCP



**डॉ.सुषमा रवि**
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
MBBS (Pt.JNMMC, Raipur),
M.S.Obst & Gynec (LHMC, Delhi)
FRM (Keils Germany)

पता - साई मंदिर के पास, गांधी नगर, बनारस रोड, अंबिकापुर (छ.ग.)
मो.- 6263080332, 9826437783, 8319212810



आप सभी को
नवरात्र, दशहरा
एवं
दीपावली
की
हार्दिक शुभकामनाएं

Hero WORLD'S NUMBER 1 MOTORCYCLE & SCOOTER COMPANY FOR 25 YEARS IN A ROW

HF Deluxe
ऑन रोड अब मात्र
₹ 72,999* में



धनतेरस एवं दीपावली की बुकिंग पर



विशेष उपहार

HF Deluxe केश डिस्काउंट ₹2500/-*

Destini 110 केश डिस्काउंट ₹2100/-* एक्सचेंज बोनस 4000/-

Destini 125 केश डिस्काउंट ₹2500/-* एक्सचेंज बोनस 5000/-

XTREME 125R The Most Advanced 125cc केश डिस्काउंट ₹3,000/-*

XTREME 160R The Fastest 160cc* केश डिस्काउंट ₹10,000/-*

सबसे सस्ता फाइनेंस उपलब्ध* | कम डाउन पेमेंट मात्र ₹4,999/- से शुरू | सबसे बेहतर एक्सचेंज वैल्यू*

प्रत्येक गाड़ी की खरीद पर निश्चित उपहार



*T&C Apply

Exchange Powered By Wheels of Trust^^
Exchange any old two-wheeler for a new Hero at best resale value. For more details, visit www.wheelsoftrust.com
SCAN FOR BEST RESALE VALUE

Hero 112 MILLION MADE OF TRUST

WORLD'S NO.1 22 YEARS IN A ROW** MOTORCYCLE & SCOOTER COMPANY

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

i3S Technology Idle-Stop-Start System

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~As per the cumulative dispatch number till March 2023. "Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22)". ^^Based on offers from empanelled dealers on Wheels of Trust platform. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. Terms and Conditions apply. Price shown is the Ex-Showroom Price excluding insurance, RTO tax & other govt. charges.

# सरगुजा हीरो

सरगुजा ऑटो केयर्स, रिलायंस पेट्रोल पंप के पास, खरसिया रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)
सम्पर्क : 9289923110, 9399023231

## खबर संक्षेप

### हाई स्कूल ग्राउंड में होगा 51 फीट ऊंचे रावण दहन, तैयारी जोरों पर



बलरामपुर। दशहरा पर्व को लेकर जिला मुख्यालय में रावण दहन की तैयारी जोरों पर है। जिला मुख्यालय हाई स्कूल ग्राउंड में दशहरा के दिन 51 फीट ऊंचे रावण दहन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विशाल रावण का का पुतला बनाने के लिए क्षेत्र के जवाहर नगर से आए हुए कलाकारों द्वारा रावण के पुतला बनाने की तैयारी को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि कल देर शाम तक रावण बनकर तैयार हो जाएगा और दशहरे के दिन भव्य आतिशबाजी के साथ विशिष्ट अतिथियों के उपस्थिति में रावण का दहन किया जाएगा।

### लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में मची गरबा की धूम, देर रात तक लोगों ने लिया आनंद



सीतापुर। नगर के उत्साही युवाओं द्वारा लालबहादुर शास्त्री में लगातार दूसरी बार गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस बार गरबा महोत्सव में आकर्षण का केंद्र थी तारक मेहता का उल्टा चश्मा की कलाकार खुशी माली जिसे देखने लोगों में काफी उत्साह था और काफी संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल में जमा हुए थे। देर रात जब वो मंच पर आई तो उत्साहित लोग खुशी से झूम उठे और खुशी माली संग गरबा धुन पर जमकर ठुमके लगाए। सीमित समय तक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने के बाद खुशी माली वापस अंबिकापुर के लिए रवाना हो गई। इसके बाद भी लोग देर रात तक गरबा की धुन पर झूमते रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में नगर के व्यापारी, सामाजिक, अधिकारी एवं युवावर्ग ने भरपूर योगदान दिया। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल कार्यक्रम के अंत तक मौके पर डटे रहे।

### माउंट लिटेरा जी स्कूल में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ आयोजित हुई माता की चौकी



अंबिकापुर। माउंट लिटेरा जी स्कूल में नवरात्रि के पावन अवसर पर माता की चौकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान अतिथियों के रूप में लेखराज अग्रवाल, जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया एवं श्रीमती सुमारी कुमारी (सरपंच, संजयनगर) उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती कमला सिंह सिसोदिया, छगन कुमार गुप्ता, श्रीमती वीणा सिंह सिसोदिया, देव सिंह सिसोदिया एवं विद्यालय के निदेशक निर्देशक केपी दीक्षित, उत्तम सिंह सिसोदिया, राजू अग्रवाल सर, दीपेश गुप्ता, श्री नितेश मेहता, प्रतीक दीक्षित एवं अकादमिक डायरेक्टर डॉ. बृजेश पांडे की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नवदुर्गा एक्ट, मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ, भक्तिमय गीत-भजन, पारंपरिक गोंधल नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रावण दहन से संबंधित विशेष प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती वर्षा अग्रवाल ने कहा कि माता की चौकी जैसे सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति सम्मान तथा नारी शक्ति के महत्व को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कार्यक्रम प्रभारी आयुष सोनी, प्राची त्रिपाठी, प्राची राय, मुक्ति जयसवाल, जय प्रकाश विश्वास सहित पूरी आयोजन टीम तथा सभी शिक्षकों के समर्पण, सहयोग और अथक प्रयासों की सराहना की।

### चैतन्य देवियों की झांकी में पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव



अंबिकापुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केन्द्र चोपड़ा पारा में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित चैतन्य देवियों की भव्य झांकी के पांचवें दिन दीप प्रज्वलन एवं आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं सरगुजा महाराज टीएस सिंहदेव उपस्थित रहे। पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि हमें अपने भीतर की शक्तियों पर ध्यान केंद्रित कर बेहतर जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए।

## मेघनाथ व कुंभकरण का 45-45 फीट का पुतला बनकर तैयार, दशहरा के दिन झांकियों के साथ निकाली जाएगी शोभायात्रा

# भव्य आतिशबाजी के साथ 20 को होगा 85 फीट के रावण का दहन

हरिभूमि न्यूज. अम्बिकापुर

बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले दशहरा पर्व को लेकर तैयारी जोरों पर है। रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले बन कर तैयार हो चुके है जबकि आतिश बाजी के लिए तैयारियां अंतिम चरण में है। सरगुजा सेवा समिति, नागरिक सेवा समिति व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में दशहरा पर्व का मुख्य आयोजन पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित किया गया है। इस वर्ष रावण 85 फीट जबकि पिछले साल की अपेक्षा मेघनाथ, कुंभकरण पुतला 15 फीट कम कर 45-45 फीट के बनाए गए है।

20 अक्टूबर को मनाए जाने वाले दशहरा पर पीजी कॉलेज मैदान में विशाल रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतला का निर्माण हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरगुजा सेवा समिति, नागरिक सेवा समिति व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में कराया जा रहा है। रावण दहन के दिन उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए इस वर्ष रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के दहन पिछले साल की तहर चिन्हांकित जगह पर किया गया है और मैदान के एक क्षेत्र में अलग-अलग बेरीकेट का निर्माण किया गया है जिसमें लोग सहपरिवार रावण दहन को आसानी से देख सके। महोत्सव को लेकर सरगुजा सेवा समिति व नागरिक समिति की संयुक्त बैठक में पदाधिकारी व कार्यकर्ता की सहमति से दशहरा महोत्सव में होने वाले आयोजनों की रूपरेखा बनाई गई जिसमें इस वर्ष रावण की लंबाई पिछले साल की तरह 85 फीट का बनाया गया है जबकि मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले का निर्माण इस वर्ष पिछले साल की अपेक्षा लंबाई 15 फीट घटा कर 45-45 फीट का बनाया गया है। पिछले वर्ष मेघनाथ व कुंभकरण पुतले की लंबाई 60-60 फीट थी। रावण, कुंभकरण व मेघनाथ का पुतला बनकर तैयार हो चुका है।



### वॉटर फ्रुफ नहीं है पुतला

कारीगर जावेद खान के मुताबिक पिछले एक माह से पुतला निर्माण शुरू किया था जो अंतिम चरण में है। रावण, कुंभकरण व मेघनाथ पुतला निर्माण में शहर के एक दर्जन से अधिक कारीगर द्वारा बनाया गया है। बारिश थमने तथा मौसम साफ होने पर इस वर्ष पुतला वॉटर फ्रुफ नहीं बनाया जा रहा है जबकि पिछले साल रावण, मेघनाथ व कुंभकरण का पुतला वॉटर फ्रुफ बनाया गया था।

### राम मंदिर से निकाली जाएगी शोभा यात्रा

दशहरा के दिन शहर के राम मंदिर से झांकियों के साथ दोपहर में शोत्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा राम मंदिर से शुरू होकर जय स्तंभ चौक, सदर रोड, महामाया चौक, संगम चौक, देवीगंज रोड, घड़ी चौक, गांधी चौक, अंबेडकर चौक होते हुए पीजी कॉलेज मैदान पहुंचेगी। जहां भव्य आतिशबाजी के बाद रावण दहन किया जाएगा।

### एकता का प्रतीक

अमूमन राज्य के अधिकांश जिले सहित शहरों में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाई जाती है। दशहरा के दिन भव्य आतिशबाजी के साथ रावण दहन कार्यक्रम को लेकर आयोजन समितियों द्वारा रावण दहन का विशेष आकर्षक बनाने के लिए दूसरे राज्यों से रावण बनाने वाले कारीगरों की टीम बुलाकर निर्माण कराया जाता है। परंतु शहर में पिछले 25 साल से किसी दूसरे राज्य की बजाय शहर के मोमिनपुरा निवासी जावेद खान (भोला) व उनके टीम द्वारा रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतलों का निर्माण किया जा रहा है। किसी विशेष समुदाय द्वारा हिन्दू पर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने से शहर में एकता का मिशाल बन गया है। कारीगर जावेद खान भी हिन्दू पर्व में अपनी सहभागिता को लेकर गर्व महसूस करते है।

## बिना अनुमति अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर बेखौफ होकर काट रहे पेड़

# बारिश थमते ही फिर से शुरू हुई पेड़ों की अवैध कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

क्षेत्र में हरे भरे पेड़ो की अवैध कटाई थमने का नाम नही ले रही है। शासन के नियमों को ताक पर रखकर बिना अनुमति के अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर बेखौफ होकर लकड़ी की कटाई कर रहे है। कटाई के बाद लकड़ी तस्कर बिना पिट पास के उसे पड़ोसी राज्यों में ले जाकर खपा रहे हैं। शासन प्रशासन के नियमों के दरकिनार कर लकड़ी की कटाई करने वाले तस्करों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हैं।

विदित हो कि बारिश थमते ही क्षेत्र में हरे भरे पेड़ो की अवैध कटाई युद्धस्तर पर शुरू हो चुका है। पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश से आये लकड़ी तस्कर शासन द्वारा लकड़ी कटाई हेतु बनाए गए नियमों को दरकिनार कर लकड़ी की कटाई कर रहे है जबकि शासन प्रशासन द्वारा निजी क्षेत्र के पेड़ों की कटाई के लिए नियम बना रखे हैं। इस नियम के तहत पेड़ के मालिक द्वारा एसडीएम कार्यालय में लकड़ी कटाई हेतु आवेदन देना अनिवार्य है। इसके बाद राजस्व एवं वन विभाग का मैदानी अमला कटाई से पहले लकड़ी का मुआयना करके जब रिपोर्ट सौपता है तब अनुमति मिलती है लेकिन क्षेत्र में सक्रिय अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर शासन के नियमों को मानने के बजाए खुद ही शासन प्रशासन बन बैठे है। लकड़ी तस्कर सारे नियमों को ताक पर रखकर स्थानीय दलालों के माध्यम से पेड़ के मालिक से संपर्क साधते है फिर उसे झांसे में लेकर औने पौने दामों में सौदा कर उसे बिना प्रशासनिक अनुमति के कटाई करते हुए पड़ोसी राज्यों में ले जाकर खपाते है। इस दो नम्बर के काम मे होने वाली मोटी कमाई को देखते हुए नगर समेत क्षेत्र में अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करों की बाढ़ सी आ गई है। इनमें से कई ऐसे है जिनका अपने क्षेत्र के थानों में आपराधिक रिकार्ड रहा है। अब वो गुट बनाकर सीतापुर के शांतिप्रिय ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को धमका कर अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम चलता का प्रकाश में आया है जहां बिना प्रशासनिक अनुमति के स्थानीय दलाल के माध्यम से फैजाबाद यूपी निवासी जितेंद्र सिंह, पंकज सिंह, विकास सिंह, अशोक वर्मा द्वारा सेमल प्रजाति के विशाल पेड़ को काट दिया गया। जिसका विरोध करते हुए ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कटाई में लगे वाहन को जब्त कर थाने ले आई। हालांकि लकड़ी तस्करों ने कुछ समय बाद जब्त की गई मशीन को थाने से छुड़ा लिया था। इस संबंध में ग्राम पंचायत द्वारा पंचनामा के जरिए लकड़ी कटाई करने वाले अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करों के विरुद्ध एसडीएम कार्यालय एवं थाने में ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने नियमानुसार कार्रवाई की बात कही है।





### मकान मालिकों ने भी नही कराया पुलिस को अवगत

क्षेत्र में लकड़ी कटाई करने आये अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर थाने में बिना वेरिफिकेशन कराये सालों से नगर में किराए के मकान में रह रहे है। किराए के मकान को इन्होंने अपना ठिकाना बना रखा है जहाँ से ये पूरे क्षेत्र में अपनी गतिविधियों को संचालित करते हैं। जबकि पुलिस प्रशासन ने कड़े निर्देश जारी करते हुए कहा है कि बिना पुलिस वेरिफिकेशन के शहर में रहना गैरकानूनी है। इसके अलावा अगर मकान मालिक किसी बाहरी व्यक्ति को किराए में मकान दे रहा है तो इस संबंध में पुलिस को सूचना देना अनिवार्य है लेकिन मकान मालिक एवं किराएदारों ने पुलिस प्रशासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए सालों से स्थानीय पुलिस को बिना सूचित किये किराये के मकान में रह रहे है। जब नगर या आसपास के क्षेत्रों में कोई बड़ी घटना हो जाती है तब पुलिस की आँख खुलती है और वो ऐसे मामलों में संज्ञान लेती है। लगता है सीतापुर में कोई बड़ी घटना होने के बाद ही बाहरी लोगों के वेरिफिकेशन को लेकर पुलिस की आँख खुलेगी।

## जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में शारदीय नवरात्र की धूम

### आधा दर्जन से अधिक पंडालो से निकाली गई कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज. बलरामपुर

जिला मुख्यालय सहित आपास क्षेत्र में शारदीय नवरात्र की धूम मची हुई है और हर जगह माता रानी के जयकारे और आरती की धुन सुनाई दे रही है जिससे पूरा गांव शहर भक्ति में हो गया है

इसी कड़ी में आज जिला मुख्यालय स्थित आधा दर्जन से ऊपर पंडालों से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा स्थानीय शहर के विभिन्न चौक चौराहा से होते हुए गाजे बाजे के साथ सिंदूर नदी, चनान नदी तक पहुंची। श्रद्धालुओं ने नदी से कलश में जल भरकर भक्ति में गाने और माता रानी के पारंपरिक गीतों को गाते हुए पंडाल तक पहुंचे। पंडालों में आचार्य द्वारा विधिवत मंत्र उच्चारण करके कलश स्थापना की गई। कलश स्थापना के साथ ही पंडालों के पट खुले और प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ। माता रानी के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा की गई। पूजा आराधना के बाद पट खुलते ही भक्तों का तांता लगने लगा। देर शाम तक पंडालों पर भक्तों की भीड़ लगी रही। पूजा आराधना के बाद श्रद्धालुओं ने गांव, शहर और देश की अच्छे विकास की कामना की। मुख्यालय के हिंदू चौकी, ब्लॉक कॉलोनी, श्री राम चौक, धोबा घाट रोड, भनौरा सहित विभिन्न पंडालों में भंडारे का भी आयोजन किया गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। शुक्रवार की रात से विभिन्न पंडालों में हनुमान चालीसा पाठ बाहर से आगे कीर्तन मंडली द्वारा किया गया। शारदीय नवरात्रि के सप्तमी के दिन मां कालरात्रि के पूजन के लिए भक्तों की सभी पंडालों में उमड़ी। इधर सुरक्षा को लेकर जगह-जगह पर पुलिस बल भी तैनात किए गए हैं।

### विकासखंड अंतर्गत सभी पंडालों में धूमधाम से मनाया जा रहा दुर्गा पूजा



कुसमी। विकासखंड अंतर्गत दुर्गा पूजा समिति कुसमी, मां समलेश्वरी दुर्गा पूजा समिति सब्जी मंडी, शीतला मंदिर,कंजिया मां भवानी दुर्गा पूजा समिति सहित करकली, कमलापुर, सामरी, चांदो, सबाग, नीलकंठपुर, चैनपुर के अलावा अन्य स्थानों पर मां दुर्गा की पूजा अर्चना नवरात्रि बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। नवरात्रि के प्रथम दिवस से लेकर विजया दशमी पूजा तिथि तक भंडारा का आयोजन किया जा रहा। क्षेत्र के विभिन्न पंडालों में सुबह शाम आरती के साथ भजन कीर्तन कर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही है। मां दुर्गा से क्षेत्र में अमन चैन शांति सुख समृद्धि बनी रहे ऐसी कामना मुख्य पुजारी सहित सभी श्रद्धालु द्वारा कामना की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ के प्रत्याशियों ने तृतीय परिषद चुनाव में दर्ज की सफलता

हरिभूमि न्यूज. सूरजपुर

छत्तीसगढ़ आयुर्वेद तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड के तृतीय परिषद चुनाव में छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ ने प्रदेश के सभी संभागों से अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे। इस चुनाव में संघ के प्रत्याशियों ने सक्रिय सहभागिता, संगठित प्रयासों और व्यापक जनसंपर्क के माध्यम से उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। सरगुजा संभाग से संघ के प्रत्याशी डॉ. रजनीश जायसवाल ने 101 मतों के अंतर से विजय प्राप्त कर संभाग का गौरव बढ़ाया।

- सरगुजा संभाग से डॉ. रजनीश जायसवाल 101 मतों से विजयी

परिषद का प्रमुख उद्देश्य आयुष चिकित्सकों के हितों की रक्षा करना, उनके अधिकारों को सुरक्षित रखना तथा आयुर्वेद, यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों के विकास और संवर्धन के लिए कार्य करना है। ऐसे में परिषद चुनाव आयुष चिकित्सकों के प्रतिनिधित्व और उनके व्यावसायिक हितों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण अवसर है। सरगुजा संभाग में डॉ. रजनीश जायसवाल की जीत सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समन्वित प्रयास किए। संभाग के विभिन्न जिलों में संघ के पदाधिकारियों और चिकित्सकों ने अपने-अपने स्तर पर सक्रिय सहभागिता निभाते हुए चुनाव अभियान को मजबूती प्रदान की। इस क्रम में जिले से संघ के जिला शाखा अध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, अंबिकापुर से डॉ. सुनील मंदीलवार, बलरामपुर जिले से डॉ. अवधेश साहू, कोरिया जिले से डॉ. अशोक मिंज, एमसीबी जिले से डॉ. तेजकांत सोनकर तथा जशपुर जिले से डॉ. प्रदीप पटेल ने चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाई। इन सभी पदाधिकारियों एवं चिकित्सकों ने अपने-अपने जिलों में संघ के प्रत्याशी के समर्थन में समन्वय स्थापित करते हुए चुनावी गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। चुनाव में सरगुजा संभाग से डॉ. रजनीश जायसवाल, बिलासपुर संभाग से डॉ. निशांत कौशिक, रायपुर संभाग से डॉ. ऐश्वर्या साहू, दुर्ग संभाग से डॉ. सुनील टंडन व बस्तर संभाग से डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर ने जीत हासिल की।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## कम उपस्थिति पर जताई नाराजगी

# दूरस्थ वनांचल की शालाओं में जिला मिशन समन्वयक का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. ओड़गी

जिले में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और शैक्षणिक नवाचारों के प्रभावी क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा मनोज कुमार साहू ने विकासखंड ओड़गी के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में संचालित विभिन्न शासकीय प्राथमिक शालाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यालयों की समग्र स्थिति तथा



जिले में संचालित 'शब्दबीज' शैक्षणिक नवाचार के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कम उपस्थिति और असंतोषजनक शैक्षणिक स्थिति को लेकर उन्होंने संबंधित विद्यालयों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला खर्रा में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पाए जाने पर जिला मिशन समन्वयक ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रयास करने तथा पालकों से संपर्क कर बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। शासकीय प्राथमिक शाला कुप्पा एवं शासकीय प्राथमिक शाला लझरापारा, लांजित की स्थिति संतोषजनक पाई गई। इसके विपरीत शासकीय प्राथमिक शाला नदीपारा चिकनी की स्थिति अत्यंत असंतोषजनक मिलने पर संबंधित विद्यालय के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था और विद्यार्थियों की उपस्थिति को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सुधार पर जोर दिया गया।




